हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 2 दिसंबर 2025


तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री


10 जिला अस्पताल में पुलिस सहायता केंद्र...



10 दो वाहनों से 176 बोरी धान जब्त, प्रशासन ने अवैध ...






## खबर संक्षेप

### शराब दुकान हटाने के लिए एसडीएम को दिया ज्ञापन



**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के भोपालपट्नम में कॉलेज मार्ग पर स्थित शराब दुकान को हटाने विद्यार्थियों ने हस्ताक्षर कर एसडीएम को आवेदन सौंपा है। एसडीएम ने आश्वासन दिया है कि जल्द इस पर कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि छात्र छात्राओं को शराब दुकान से होकर गुजरना पड़ता है । छेड़खानी की भी बात एसडीएम से कही गई। अक्सर सड़क में शराब पीकर हुल्लड़ बाजी की जाती है। जिससे सड़क का माहौल खराब होता है।

### 30 साल बाद मरईगुड़ा का बाजार हुआ गुलजार



**जगदलपुर।** सुकमा जिले के अंतिम छोर कोंटा ब्लॉक के ग्राम पंचायत मरईगुड़ा 1 में 30 वर्ष बाद बाजार शुरू हुआ। वन क्षेत्र में बंद पड़ा साप्ताहिक बाजार पुनः आरंभ कर दिया गया है। ग्राम सभा की सहमति के बाद अनुविभागीय अधिकारी से प्रस्ताव पारित कराया गया। शनिवार के दिन साप्ताहिक बाजार की शुरुआत की गई। पहली बाजार में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। लोगों में बाजार शुरू होने को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। यह पहल सरपंच कोरसा स्वपना के सहयोग से पूरी हुई है। गौरतलब है कि नक्सल दहशत के चलते बाजार सालों से बंद रहा। अब नक्सल समस्या कम होने लगा है इसलिए संवेदनशील क्षेत्र में लोग आतंक से उबर रहे हैं।

### आत्मसमर्पित नक्सल परिवारों के लिए विशेष सेचुरेशन शिविर



**सुकमा।** पुनर्वास केंद्र सुकमा में सोमवार को आत्मसमर्पित नक्सल परिवारों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तीकरण के उद्देश्य से विशेष सेचुरेशन शिविर आयोजित किया गया। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकुन्द ठाकुर के मार्गदर्शन में शिविर के दौरान विशेष परियोजना के अंतर्गत 28 आत्मसमर्पित नक्सल परिवारों का डाटा संकलित किया गया ताकि लक्ष्य पूरा होने पर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभ उपलब्ध कराया जा सके। महिला सशक्तीकरण पर विशेष ध्यान देते हुए 33 महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोड़ने हेतु प्रेरित किया गया।

# जगदलपुर-रावघाट रेललाइन धरातल पर, बस्तर से शुरू हुई नई रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर के दुर्गम आदिवासी इलाकों को पहली बार रायपुर से सीधे जोड़ने वाली 140 किलोमीटर लंबी जगदलपुर-रावघाट रेललाइन अब वास्तविक जमीन पर उतर रही है। विशेष बात यह है कि इस बार कार्य की शुरुआत जगदलपुर की ओर से की गई है। पल्ली,कुडकानार,करकापाल और बालेंगा क्षेत्रों में सीमांकन कार्य तेज हो गया है और जगह-जगह लाल चिन्ह दिखाई दे रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों में उम्मीद और उत्साह दोनों बढ़े हैं।

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक इस विशाल परियोजना को तेज गति से पूरा करने के लिए दो–तीन स्थानों से एक साथ निर्माण शुरू करने की रणनीति अपनाई गई है। पहले चरण में राजहरा-रावघाट (95 किमी) खंड का काम तेज है,जिसका लक्ष्य मार्च 2026 तय किया गया है। यह लाइन न सिर्फ संपर्क का नया मार्ग बनाएगी,बल्कि बस्तर की अर्थव्यवस्था को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगी। रावघाट क्षेत्र में सेल को 2,880 हेक्टेयर आयरन-ओर खदानें आवंटित हैं। रेललाइन बन जाने से अयस्क ढुलाई सरल होगी, जिससे भिलाई स्टील प्लांट की 10 मिलियन टन क्षमता वृद्धि को आवश्यक सहारा मिलेगा। इससे क्षेत्र में रोजगार, परिवहन सुविधा, और औद्योगिक विकास में सीधी वृद्धि होने की संभावना है।

## 140 किमी परियोजना में सीमांकन तेज, कई इलाकों में दिखे निशान

### मार्च 2026 तक निर्माण शुरू करने के लक्ष्य

मई 2025 में रेलवे बोर्ड से 3,513 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिलने के बाद पुराने ठहराव टूट चुके हैं। दो अधिकृत कंपनियां वन क्षेत्रों में चिन्हांकन पूरा कर मार्च 2026 तक निर्माण शुरू करने के लक्ष्य पर कार्य कर रही हैं। यह प्रगति वहीं पुराने दौर का स्मरण भी है जब बीआरपीएल के कारण परियोजना रुक गई थी। अब केंद्र-राज्य की संयुक्त कमेटी के तहत बस्तर, माओवादी हिंसा से मुक्ति के 2026 लक्ष्य के साथ,रेल नेटवर्क से जुड़ने के निर्णायक मोड़ पर है। अनुमान है कि 2029–30 तक जगदलपुर से रायपुर रेल सेवा सुचारु रूप से शुरू हो जाएगी।





### सीमांकन कार्य तेजी से जारी

रायपुर रेल मंडल के सीनियर डीसीएम अवधेश कुमार त्रिवेदी ने कहा कि रावघाट-जगदलपुर सेक्शन में वन-सर्वे और सीमांकन तेजी से जारी है। अगले वर्ष मध्य तक दो-तीन बिंदुओं से निर्माण कार्य प्रारंभ कर देने की तैयारी है,ताकि समयसीमा का कड़ाई से पालन हो सके।

**बीजापुर के नक्सल प्रभावित गावों में पुलिस चला रही जनसंवाद अभियान**

# नक्सलगढ़ के युवाओं से जनसंवाद, पुलिस कर रही नक्सल गतिविधियों से दूर रहने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- जिले के नक्सल प्रभावित थानों दर्जनों गांव में पहुंची और सुनीं समस्याएं

बीजापुर पुलिस इन दिनों नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर लगातार ग्रामीणों के साथ संवाद कर रही है। अभियान के तहत अब तक जिले के दर्जन भर से अधिक थाना क्षेत्र के दर्जनों गांव में पुलिस पहुंच चुकी है। चलित थाने के माध्यम से उनकी समस्या से अवगत होकर मौके पर ही निराकरण भी कर रही है। इस दौरान युवाओं से नक्सल गतिविधियों से दूर रहने तथा नक्सल संगठन में शामिल भटके हुए युवाओं से वापस मुख्यधारा में आने की अपील की जा रही है।

केन्द्र सरकार द्वारा घोषित नक्सलमुक्त बस्तर की तारीख जैसे जैसे नजदीक आ रही है। सुरक्षाबलों को नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों में मिल रही लगातार सफलता व समर्पण के बीच बीजापुर पुलिस नक्सलियों से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटने की अपील कर रही है तो दूसरी ओर नक्सल प्रभावित जिलों में पुलिस जनसंवाद अभियान भी चला रही है। जिले के नक्सल प्रभावित थाना क्षेत्रों के गांवों में पहुंच कर पुलिस ग्रामीणों से सवांद कर रही और उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका भरोसा भी जीत रही है।



बीजापुर एसपी डॉ. जितेन्द्र यादव ने कहा कि छग शासन की जन-जुड़ाव एवं विश्वास पहल के अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा विकास, सुरक्षा और विश्वास को सुदृढ़ करने लगातार ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया जा रहा ⏭ शेष पेज 10 पर

### संदिग्धों की सूचना थाना व कैम्पों में दें, कर रहे अलर्ट

एसपी श्री यादव ने बताया कि जन संवाद के दौरान ग्रामीणों को शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा उनके परिजनों व रिश्तेदारों से सक्रिय माओवादी सदस्यों को समाज की मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ग्रामीणों को बताया जा रहा है कि आसपास के जंगल, रास्तों पर किसी प्रकार की संदिग्ध वस्तु, संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल करीब के थाना या कैम्प को सूचना देने का आग्रह किया जा रहा है। इसके अलावा चलित थाना के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को मौके पर ही सुनकर उनके निराकरण का प्रयास भी किया जा रहा है। ग्रामीणों को सायबर जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं जैसे एटीएम फ्राड, यूपीआई फ्राड अन्य फ्राड के तरीके एवं नवीन कानूनों में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए किए गए प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी जा रही है।

# हरबेल के जंगल में भालू के हमले से ग्रामीण गंभीर

**जगदलपुर।** जाटलूर ऑपरेटिंग बेस में तैनात आईटीबीपी जवानों की बहादुरी से हरबेल के जंगल में भालू के हमले से गंभीर ग्रामीण की जान बचाई जा सकी। ग्रामीण जंगल गया हुआ था, तभी भालू ने उस पर हमला कर दिया। ग्रामीणों व परिजनों से इसकी सूचना मिलते ही बिना देर किए 44 वीं बटालियन इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस (आईटीबीपी) की ए कम्पनी, जो कंपनी ऑपरेटिंग बेस जाटलूर में तैनात है द्वारा घायल ग्रामीण को समय पर रेस्क्यू कर उसकी जान बचाई गई।

जाटलूर में तैनात कम्पनी कमांडर शैलेन्द्र कुमार यादव को सूचना मिली थी कि ग्राम हरबेल निवासी गाओ पोटाई, पिता सुक्कू पोटाई हरबेल जंगल क्षेत्र में भालू के हमले से गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना मिलते ही तत्काल सीओबी जाटलूर से रेस्क्यू टीम मौके पर भेजी गई जहां से घायल को सुरक्षित जाटलूर कैंप लाया गया।



कैंप पहुंचते ही मेडिकल स्टाफ एसआई मेडिक सोहन लाल, काशीदेव दर्शन तथा विकास कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार एवं उपलब्ध सभी आपात चिकित्सा प्रदान की और घायल की स्थिति को स्थिर किया। घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए कम्पनी कमांडर शैलेन्द्र कुमार यादव ने तत्काल थाना ओरछा से एम्बुलेंस की व्यवस्था करवाई। इस दौरान आईटीबीपी के दर्जन भर जवानों की टीम घायल ग्रामीण के साथ रहकर उसे स्वास्थ्य केंद्र ओरछा तक सुरक्षित ले गए जहा उसे उपचार के लिए भर्ती कराया गया ⏭ शेष पेज 10 पर

# अटल परिसर,शहीद स्मारक व नेहरू मेमोरियल पहुंचे महापौर



**जगदलपुर।** महापौर संजय पांडे सोमवार को नगर निगम एमआईसी सदस्यों, आयुक्त तथा तकनीकी टीम के साथ निर्माणाधीन अटल परिसर पहुंचे। जहां पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की छह फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की जानी है। अनावरण कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए महापौर ने नगर निगम के तकनीकी अमले को सभी व्यवस्थाओं को समयसीमा में पूरा करने और कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि न रहने के निर्देश दिए।

महापौर ने परिसर के स्थल निरीक्षण के दौरान प्लेटफॉर्म निर्माण, फर्श कार्य, विद्युत व्यवस्था, बाहरी सौंदर्यीकरण तथा आगंतुक मार्गों की गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि अटल जी की प्रतिमा स्थापना नगर निगम और शहर के लिए प्रतिष्ठा का विषय है इसलिए प्रत्येक कार्य में स्थायित्व और तकनीकी गुणवत्ता सर्वोपरि रहे।

इसके पश्चात महापौर लालबाग स्थित शहीद स्मारक एवं नेहरू मेमोरियल पहुंचे। उन्होंने दोनों स्थलों पर जारी जीर्णोद्धार, मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शहीदों की स्मृति को समर्पित यह स्थल शहर की शान हैं, इसलिए इनके पुनर्निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की ⏭ शेष पेज 10 पर



# जिला शिक्षा अधिकारी ने किया बालग्रह का औचक निरीक्षण

**सुकमा।** जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. मंडावी ने रविवार को छिंदगढ़ विकासखंड मुख्यालय स्थित बस्तर सेवक मंडल बाल गृह बालक का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से संवाद स्थापित किया और उनकी पढ़ाई-लिखाई, दिनचर्या तथा सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पोटाकेबिन पाकेला का भी निरीक्षण किया। मंडावी ने बच्चों को शिक्षा के महत्व, नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं लक्ष्य निर्धारण से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें समझाईं। उन्होंने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियां सफलता की राह में बाधा नहीं बल्कि उसे मजबूत बनाती हैं।

## चक्रवाती तूफान दितवाह पड़ने लगा कमजोर

# बादल, नमी और हल्की वर्षा की स्थिति रहेगी, तापमान ज्यादा नहीं बदलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

चक्रवाती तूफ़ान दितवाह का अवशेष अब कमजोर होकर अवदाब में तब्दील हो गया है लेकिन इसका प्रभाव दक्षिण और मध्य भारत के मौसम पर अभी भी देखा जा रहा है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, इसके चलते छत्तीसगढ़ में अगले तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है हालांकि इसके बाद पारा में गिरावट शुरू हो सकती है।

दितवाह का कमजोर अवदाब वर्तमान में पश्चिम मध्य तथा दक्षिण–पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर, चेन्नई तट से लगभग 30 किलोमीटर दूर केंद्रित है। इसके उत्तर की ओर धीरे-धीरे सरकने से प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में नमी बढ़ी है, जिसके परिणामस्वरूप 2 दिसम्बर को दक्षिण छत्तीसगढ़ में हल्की वर्षा और बादल छाए रहने के आसार बने हुए हैं।



बस्तर संभाग के कुछ स्थानों पर आज अति हल्की वर्षा दर्ज की गई, जिससे क्षेत्र में हल्की ठंडक और उमस दोनों का मिश्रित प्रभाव देखा गया। तापमान के आंकड़ों में आज दुर्ग सर्वाधिक अधिकतम 29.4 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म स्थान रहा,जबकि अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो प्रदेश में सबसे कम है। बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में सोमवार को अधिकतम तापमान 3.6 नीचे लुढकर 25.7 डिग्री सेल्सियस रहा,जबकि न्यूनतम तापमान में 4.6 डिग्री बढ़ोतरी होकर 17.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि सुबह हुई हल्की वर्षा के आंकड़े 0.8 एमएम दर्ज किया गया। आद्रता सुबह 91 एवं शाम को 69 प्रतिशत दर्ज किया गया।

### कल का पूर्वानुमान

मौसम विभाग ने संकेत दिया है कि कल प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा संभव है। हालांकि प्रभाव सीमित रहेगा लेकिन इसके बाद तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो सकता है क्योंकि तूफ़ान का शेष सिस्टम तेजी से कमजोर पड़ रहा है।

हरिभूमि




# सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 297. खुशी नायक पिता\पति संदीप नायक पता - रावन भाटा रायपुर, 298. भारत लाल चतुर्वेदी पिता\पति स्व. ताराचंद चतुर्वेदी पता- रावतपुरा कॉलोनी फेज 01 मठपुरेना रायपुर, 299. भावना वर्मा पिता\पति खोमन वर्मा पता- जागृति नगर बीरगांव, 300. प्रियंका ठाकरे पिता\पति सचिन ठाकरे पता- संजय नगर रायपुर, 301. श्रीकांत वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता- डिरापारा रायपुर, 302. इन्द्राणी रमेश शर्मा पिता\पति ब्यास नारायण मिश्रा पता - ब्राम्हण पारा रायपुर, 303. भाविका साहू पिता\पति गौतम साहू पता - वेदाता सिटी कांदुल रोड, 304. लक्ष्मीकान्त यादव पिता\पति जे.एल. यादव पता - मठपारा रायपुर, 305. संतोषी यादव पिता\पति सतीश यादव पता- पुरानी बस्ती रायपुर, 306. प्रेमचंद साहू पिता\पति टेटकू राम साहू पता – पिपरौद, 307. खुमेश साहु पिता\पति प्रेम लाल साहु पता- तर्रा पोस्ट -सुरसाबाँधा, 308. चुन्नी निर्मलकर पिता\पति पुनीतराम निर्मलकर पता-सेमरा भखारा, 309. तोवा राम साहू पिता\पति स्व. पंचराम साहू पता- नगरी, 310.कुनाल साहू पिता\पति डोमेन्द्र साहू पता- सांकरा , नगरी, 311. अमन कन्नौजे पिता\पति एस.आर. कन्नौजे पता- वार्ड न. 43 बसंतपुर राजनादगांव, 312. रेणुका श्रीवास्तव पिता\पति एस .एल श्रीवास्तव पता- रेवाडीह वार्ड न. 21, 313. प्रज्वल पाटिल पिता\पति जसवंत पाटिल पता- वार्ड न.-16, बैलापसरा राजनादगांव, 314. यशवंत कुमार सप्रे पिता\पति ईतवारी राम सप्रे पता- बेमेतरा, 315. टीकाराम सेन पिता\पति सुकदेव राम सेन पता- बरदेभाठा चौक कांकेर, 316. दुलेश्वरी पिता\पति मुकेश कुमार पता- डौंडी नगर भंडारी पारा वार्ड न. 08, 317. सुमन ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 318. खोमराज पटेल पिता\पति भवर लाल पटेल पता- नर्रा, 319. महेश आमदे पिता\पति भुलऊराम आमदे पता- कवर्धा, 320. तेजनाथ साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- कमल कॉलोनी बलौदाबाजार, 321. सुयश आचार्य पिता\पति प्रशांत आचार्य पता- अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 322. पंकज कुमार साहू पिता\पति छत्रपाल साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, 323. बलदाऊ लाल साहू पिता\पति स्व. राम्लू लाल साहू पता- आदर्श स्ट्रीट रामनगर भिलाई, 324. डिम्पल चौधरी पिता\पति नन्द जंघेल पता-दुर्गा पारा मुकम खदान सुपेला, 325. जानवी टंडन पिता\पति M.L.टंडन पता-वेदांत नगर फेज-2 उमरपोटी, 326. अथर्व विकास बेहेरे पिता\पति विकास विनायक बेहेरे पता- सुभाष नगर, 327. ईशा राजपूत पिता\पति अशोक राजपूत पता-सुभाष नगर वार्ड 42 दुर्ग, 328. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 329. स्वीकृति चौहान पिता\पति बिरेन्द्र चौहान पता- साहू पारा रामनगर भिलाई, 330. गजरा सोनी पिता\पति ननकू प्रसाद सोनी पता-दुर्ग, 331. रितिका साहू पिता\पति ताम्रध्वज साहू पता- कोहिका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण-** 332. अफरोज बानो, पिता/पति- मुनव्वर खान पता- आदर्श चौक मंगला, बिलासपुर 333. राजकुमारी साहू पिता/पति- बाबू लाल साहू पता- बहतराई, बिलासपुर, 334. सुलोचना कुर्रे पिता/पति- राजाराम कुर्रे पता- बंधवा पारा सरकंडा, बिलासपुर, 335. कुसय हुसैन पिता/पति-मुश्ताक हुसैन पता- खपरगंज बिलासपुर, 336. आरती शर्मा पिता/पति- स्व.एम.एल.शर्मा पता- गुरूनानक चौक, बिलासपुर, 337. मनोज नाथानी पिता/पति- माधसव दास नाथानी पता- रामा वैली आर-8-11, बिलासपुर, 338. साक्षी साहू पिता/पति-चंद्रशेखर साहू पता- तोरवा बिलासपुर, 339. प्रियंका शर्मा पिता/पति- श्री पवन शर्मा पता- ईदगाह रोड, बिलासपुर, 340. राकेश सिंह राजपूत पिता/पति- विजय सिंह राजपूत, पता- सांई नगर, उस्लापुर बिलासपुर 341. मालती साहू पिता/पति-देवलाल साहू पता- बाजार चौक, यदुनंदन नगर, तिफरा बिलासपुर, 342. सतीश कुमार साहू पिता/पति- बुधराम साहू पता- तिफरा बिलासपुर, 343. अर्थव यादव पिता/पति-सुदर्शन यादव पता- कस्तूरबा नगर, बिलासपुर, 344. माही यादव पिता /पति - सूरज यादव, पता- पड़ावपारा कोटा, 345. सुशील कुमार पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 346.सुमन सूर्यवंशी पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 347. जानवी कौशिक पिता /पति - सनत कौशिक, पता - खमरिया काठाकोनी, 348. साधना भगत पिता /पति - गोपाल राम भगत , पता – रतनपुर, 349. नरेश गोयल पिता /पति - नैवत राम गोयल, पता -पेण्ड्रा रोड , 350. किरण पांडे पिता /पति - रवि शंकर पांडे पता - पुरानी बस्ती मस्तूरी, 351. हर्षिता कौशिक पिता /पति - उमाशंकर कौशिक पता - सिचाई कालोनी सकरी, 352. दीपक कुमार यादव पिता /पति - जीवन लाल यादव पता - कर्रा सीपत, 353. प्रियंका सूर्यवशी , पिता /पति - नारायण प्रसाद सूर्यवंशी, पता - भरारी जांजगीर जिला, 354 दिनेश कुमार यादव, पिता /पति - नर्मदा प्रसाद यादव, पता- शकुल पारा खरौद **भोपाल संस्करण-** 355. शिवन्या जाटव पिता\पति - स्व मोनू जाटवमकान न. 2597 राजीव नगरकोटरा, 356. हर्षिता तोमर पिता\पति - देवेन्द्र सिंह तोमर `नेहरू नगर भोपाल, 357. साबरा बी पिता\पति - मो. जोएब 126 इंद्रा नगर टीला जमालपुरा, 358. जाकिया आमिर पिता\पति - मो. आमिरबाग मुफ्ती साहबकबीटपुरा, 359. पवन यादव पिता\पति - मांगीलाल ग्राम नून्या हेड़ीराजगढ़, 360. मधु दांगी पिता\पति - सोमराज दांगीशर्मा कॉलोनी प्रताप वार्डबीना, 361. पूनम दांगी पिता\पति - नीरज सिंह दांगीसागौनीगुरू सागर, 362. फैजान खान पिता\पति - आतिफ खान सीहोर नाका सीहोर, **जबलपुर संस्करण-** 363. निधि अग्रवाल पिता\पति- रतन अग्रवाल लाल कुआं हनुमानतल जबलपुर, 364. भारती मिश्रा पिता\पति – स्व. राजकुमार दुबे रिछाई जबलपुर, 365. रजनी सुदीशा पिता\पति- उत्तम कुमार सुदिशा बिरसिंहपुर पाली उमरिया, 366. शरद विश्वकर्मा पिता\पति - हरलाल विश्वकर्मा छपारा सिवनी, 367. मनीष विश्वकर्मा पिता\पति - इंद्रजीत विश्वकर्मा प्रेम नगर इसाई मोहल्ला मदन महल, 368. नरेश नाईक पिता\पति - स्वर्गीय पंढरीनाथ नाईक शिवनगर गढ़ा जबलपुर, 369. राजेंद्र अहिरवार पिता\पति - नारायण प्रसाद अहिरवार मकान नंबर 113 छिंवला ग्वारीघाट जबलपुर, 370. श्रुति शुक्ला पिता\पति - सुधीर कुमार शुक्ला मकान नंबर 361 दुर्गा कॉलोनी शीतला माई वार्ड घमापुर जबलपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

## खबर संक्षेप

### चिचाड़ी में 'मॉडल यूथ ग्राम सभा' से छात्रों में विकसित हुई लोकतांत्रिक समझ



**फरसगांव।** एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल चिचाड़ी में सोमवार को मॉडल यूथ ग्राम सभा का सफल एवं प्रभावशाली आयोजन किया गया। इस अनूठे कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी, लोकतांत्रिक समझ और ग्राम विकास के प्रति जनसहभागिता की भावना को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्राचार्या श्रीमती अनीता मंडावी ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने युवाओं की ग्राम विकास में भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नवोन्मेषी सोच और निर्णय-निर्माण में छात्रों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यूथ ग्राम सभा के माध्यम से विद्यार्थियों को ग्राम पंचायत की संरचना, कार्यप्रणाली, निर्णय प्रक्रिया और सामाजिक विषयों पर व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। यह आयोजन पंचायती राज मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय, जनजातीय कार्य मंत्रालय और NESTS के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ। विद्यालय के सामाजिक-विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन मास्टर ट्रेनर प्रवीण जी और खलील सर द्वारा किया गया।

### देवखरगांव में पुनर्वास केंद्र का भव्य शुभारंभ, भटके हुए लोग अब बनेंगे हुनरमंद



**कोण्डागांव।** शासन की महत्वाकांक्षी पुनर्वास नीति पुनामार्गेम पुनर्वास से पुनर्जीवन के तहत आज ग्राम देवखरगांव में जिले का पहला आधुनिक पुनर्वास केंद्र शुरू हुआ। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, एसपी पंकज चन्द्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतू उसेंडी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलन कर केंद्र का शुभारंभ किया। यहां पर निःशुल्क आवास, तीन समय भोजन, हर महीने 10 हजार रुपए स्टाइपेंड, वेलकम किट वितरण, रुचि अनुसार कौशल प्रशिक्षण सिलाई, बिजली मिस्त्री, मोबाइल रिपेयर, ड्राइविंग, पशुपालन आदि लाइब्रेरी. उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम, संगीत, खेलकूद, योग, काउंसलिंग, सांस्कृतिक–शैक्षणिक भ्रमण। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने कहा, शासन चाहता है कि जो लोग कभी रास्ता भटक गए, वे अब सम्मान के साथ मुख्यधारा में लौटें।

### दिव्यांग भुजबल को मिला अन्नपूर्णा मुहिम का सहारा

**जगदलपुर।** अन्नपूर्णा मुहिम के तहत नगरनार क्षेत्र में दूसरी बार गरीब परिवार को सहायता प्रदान की। दिव्यांग युवक भुजबल सागर को मदद दी गई। जिससे उसके जीवन में उम्मीद जगी है। सेवादार ने बताया कि इस मुहिम का उद्देश्य जरुरतमंद लोगों तक भोजन, स्वास्थ्य-संबंधी सहायता और आवश्यक सामग्री पहुंचाना है। अन्नपूर्णा मुहिम की राहत सामग्री में चावल, दालें, सरसों तेल, चीनी, चाय, दूध पाउडर, मसाले, नमक, आलू-प्याज, साबुन, वाशिंग पाउडर, अचार, बेसन, दलिया और गैस सिलेंडर भरवाकर दिया गया।

### कांग्रेस ने ईडी का पुतला दहन किया, की नारेबाजी

**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस शहर, ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में अध्यक्ष सुशील मौर्य तथा प्रेमशंकर शुक्ला के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री एवं प्रवर्तन निदेशालय का पुतला दहन किया। उन्होंने आरोप लगाते कहा कि केंद्र सरकार सत्ता का दुरूपयोग करते हुए केन्द्रीय एजेन्सियों प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई, आयकर सहित विभिन्न संवैधानिक संस्थाओं का गलत इस्तेमाल कर रही है।

# उलेरा पटेलपारा क्रिकेट महाकुंभ : उद्घाटन मैच में यंग मिनी स्टार ने सुपर किंग को 5 ओवर में ही रौंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विकासखंड माकड़ी की ग्राम पंचायत उलेरा पटेलपारा में युवा संगठन क्रिकेट समिति द्वारा दूसरा वार्षिक 5 दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट धमाकेदार शुभारंभ हुआ। आईपीएल की तर्ज पर चल रहे इस टूर्नामेंट में 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं और हर टीम 7–7 मैच खेलेगी।

मुख्य अतिथि जनपद सदस्य गायत्री नेताम ने पूजा–अर्चना कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया।

**आईपीएल के अंदाज में 8 टीमों का 5 दिवसीय टूर्नामेंट, दूसरा साल लगातार धूम**



#### ये रहे मौजूद

सरपंच फूलसिंह मरकाम, पटेल घासीराम मरकाम, उपसरपंच गुद्दराम मरकाम, क्रिकेट समिति अध्यक्ष दिलीप मंडावी, सचिव राजमान मरकाम, उपाध्यक्ष प्रवेश मरकाम, कोषाध्यक्ष सोहन मरकाम, पंच जोहान मरकाम, सताओ मरकाम, हेमलाल मरकाम, वडेराम मरकाम, दिनेश शौरी, अर्जुन यादव, धनीराम मरकाम, बीरदेव शोरी, मेघू राम नेताम, चेयनसिंह मरकाम, घनश्याम मरकाम, तुलसीराम मरकाम सहित सैकड़ों ग्रामीण और युवा।

उद्घाटन मुकाबला यंग मिनी स्टार अे सुपर किंग पटेलपारा उलेरा के बीच खेला गया। सुपर किंग पटेलपारा ने 6 ओवर में 92 रन बनाए यंग मिनी स्टार ने सिर्फ 5 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर धमाकेदार जीत दर्ज की चौके–छक्कों की बारिश और दर्शकों का जोश देखते ही बन रहा था। गायत्री नेताम ने कहा कि खेल भावना से खेलो, हार–जीत तो चलती रहती है। खेल से न सिर्फ शरीर, बल्कि मानसिक और बौद्धिक विकास भी होता है।

**निरीक्षण:** कलेक्टर–एसपी पहुंचे हास्पिटल, साफ- सफाई पर दिया जोर

# जिला अस्पताल में पुलिस सहायता केंद्र बनेगा, गार्डों को दी जाएगी विशेष ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा ने सोमवार को जिला चिकित्सालय पहंचे। निरीक्षण कर दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था और साफ–सफाई को लेकर कड़े निर्देश दिए।

■ मेन गेट पर वाहन चेकिंग मोर्चा, गुटखा–तंबाकू करने वालों पर हो सख्त कार्रवाई

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर और एसपी ने सबसे अहम निर्देश दिया जिला अस्पताल परिसर में जल्द ही पुलिस सहायता केंद्र स्थापित किया जाए। मरीजों–तीमारदारों की शिकायतें तुरंत दर्ज हों और त्वरित कार्रवाई हो सके। अस्पताल में तैनात सभी प्राइवेट गार्डों को पुलिस विभाग द्वारा विशेष सुरक्षा प्रशिक्षण दिया जाएगा। मुख्य गेट पर वाहनों की सघन चेकिंग हेतु स्थायी मोर्चा बनाया जाएगा। परिसर में तंबाकू, गुटखा, बीड़ी–सिगरेट और किसी भी मादक पदार्थ का सेवन या थूकना पूरी तरह प्रतिबंधित



#### मरीज इलाज कराने आते हैं बीमारी लेकर न जाएं

कलेक्टर ने सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि अस्पताल परिसर, वार्ड, शौचालय और गलियारों की रोजाना साफ–सफाई सुनिश्चित करें। मरीज इलाज के लिए आते हैं, बीमारी लेकर नहीं जाना चाहिए कलेक्टर निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. पी.एल. मंडावी एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर और एसपी ने स्पष्ट चेतावनी दी जिला अस्पताल मरीजों का दूसरा घर है। यहाँ सुरक्षा और स्वच्छता में कोई समझौता नहीं होगा।

### राम मंदिर तालाब के पास बन रही एनएच रिटेनिंग वॉल का लिया जायजा

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा ने सोमवार को राम मंदिर तालाब के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर चल रहे रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने मौके पर मौजूद एनएच विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए 20 दिसंबर 2025 तक यह काम हर हाल में पूरा हो जाना चाहिए। इसमें कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राम मंदिर तालाब के किनारे सड़क का हिस्सा बारिश में धंसने की कगार पर था। रिटेनिंग वॉल बनने से अब सड़क पूरी तरह सुरक्षित हो जाएगी और आने–जाने वालों को राहत मिलेगी। निरीक्षण के दौरान एनएच अधिकारी प्रज्ञानंद सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# दो वाहनों से 176 बोरी धान जब्त, प्रशासन ने अवैध परिवहन पर कसी लगाम



**फरसगांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान खरीदी प्रक्रिया के दौरान धान के अवैध परिवहन और भंडारण पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसी निर्देश के पालन के तहत फरसगांव अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अश्वन कुमार पूसाम के नेतृत्व में राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में वाहनों की जांच के दौरान फरसगांव से बड़ेडोगर रोड में दो वाहनों में नियम विरुद्ध 176 बोरी धान परिवहन करते पाया गया। जिसे जांच के बाद मंडी अधिनियम के अंतर्गत कुल 176 बोरी धान को जप्त किया गया है। जिसमें पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 27 एल 4836 से 70 बोरी धान और 407 वाहन क्रमांक सीजी 17 एच 2993 से 105 बोरी धान जप्त किया गया है। दोनों वाहनों में भरा हुआ धान बड़ेडोगर निवासी लखन प्रसाद साहू का होना पाया गया है।

#### अवैध धान परिवहन पर होगी कार्रवाई: एसडीएम

फरसगांव एसडीएम अश्वन कुमार पूसाम ने बताया कि प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि धान के अवैध परिवहन, भंडारण और विक्रय पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही किसानों से अपील की गई है कि वे अपना पंजीकृत धान निर्धारित उपार्जन केंद्रों में ही बेचें।

# आवारा कुत्तों को लगने लगा एंटी–रेबीज टीका

**नगर पालिका–पशु चिकित्सा विभाग की संयुक्त टीम मैदान पर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

नगर पालिका क्षेत्र में कुत्ते के काटने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए बड़ी राहत भरी खबर आई है। नगर पालिका और पशु चिकित्सा विभाग की संयुक्त टीम ने आवारा कुत्तों को एंटी–रेबीज वैक्सीन लगाने का व्यापक अभियान शुरू कर दिया है। टीम हर वार्ड में घूम–घूमकर आवारा कुत्तों को सुरक्षित तरीके से पकड़ रही है और मौके पर ही एंटी–रेबीज टीका लगा रही है। टीका लगने के बाद कुत्तों को वापस उसी जगह छोड़ा जा रहा है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे ने बताया कि यह अभियान पूरी तरह नागरिकों और बच्चों की सुरक्षा के लिए चलाया जा रहा है। रेबीज जैसी खतरनाक बीमारी से बचाव ही इसका मुख्य उद्देश्य है। अभियान अभी कई दिनों तक लगातार चलेगा और पूरे शहर को कवर किया जाएगा। नगरवासियों ने अभियान का स्वागत किया है।



कई लोगों ने कहा, अब बच्चों को बाहर खेलने भेजते वक्त डर नहीं लगेगा। अभियान जारी है। नगर पालिका ने अपील की है कि कोई भी व्यक्ति टीम को पूरा सहयोग करे और कुत्तों को पकड़ने में बाधा न डाले। शहर को रेबीज–मुक्त बनाने की दिशा में यह बड़ा और जरूरी कदम है।


# 188 बटालियन सीआरपीएफ कोण्डागांव ने शुरू किया स्वच्छता पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

■ कमाण्डेंट भवेश चौधरी ने सभी जवानों को दिलाई स्वच्छ भारत की शपथ

188 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने बटालियन मुख्यालय चिकलपुट्टी में स्वच्छता पखवाड़ा–2025 का भव्य शुभारंभ किया। कमाण्डेंट भवेश चौधरी के मार्गदर्शन में सभी अधिकारियों–जवानों ने एक स्वर में स्वच्छता की शपथ ली। कमाण्डेंट भवेश चौधरी ने संबोधन में कहा, महात्मा गांधी ने आजादी के साथ–साथ स्वच्छ भारत का सपना देखा था।

दुनिया का सबसे सुंदर देश वही होता है जिसके नागरिक स्वच्छता को सबसे ऊपर रखते हैं। हमें अपने घर, गली, गाँव के साथ–साथ अपने पड़ोसियों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करना है। हर जवान प्रतिदिन सिर्फ दो घंटे सफाई करे तो हमारा देश चमक उठेगा।



#### 1 से 15 दिसंबर तक चलेगा विशेष स्वच्छता अभियान

भारत सरकार के निर्देश पर 188 बटालियन सीआरपीएफ 1 से 15 दिसंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मना रही है। इस दौरान कैंप परिसर, आसपास के गाँवों और सार्वजनिक स्थानों पर बड़े स्तर पर सफाई अभियान चलाया जाएगा।

#### ये रहे मौजूद

उप कमाण्डेंट कमल सिंह मीणा, सहायक कमाण्डेंट ओ.पी. विष्णोई, चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल चन्द्रन, सभी अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान शपथ के बाद सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया मैं अपने घर, गली और गांव को साफ रखूँगा और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करूँगा। 188 बटालियन सीआरपीएफ ने संदेश दिया जवान सिर्फ देश की रक्षा ही नहीं, देश की स्वच्छता का भी प्रहरी है।

# विधायक ने किया लाखों के विकास कार्यों का भूमिपूजन

**फरसगांव।** क्षेत्रीय विधायक नीलकंठ टेकाम 30 नवंबर रविवार को ग्राम पंचायत सिरसीकलार में तीन अलग अलग निर्माण कार्यों के लिए भूमिपूजन किया है। विधायक नीलकंठ टेकाम ने सिरसीकलार के ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा की केंद्र और राज्य की सरकार देश की जनता के हितैसी है. फरसगांव ब्लाक के ग्राम पंचायत सिरसीकलार के आश्रित ग्राम हाथीपखना में 1.50 लाख रूपये के नलकूप खनन कार्य के लिये, लच्छू घर से कोट तक 6 लाख रूपये से लं. 200 मीटर सी.सी. सड़क निर्माण कार्य किया जाएगा। सिरसीकलार के आश्रित ग्राम सोडमा में भंगाराम माई गुड़ी में 5 लाख रूपये से 200 मीटर आहता निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया है, जल्द कार्य शुरु किया जाएगा और इसका लाभ आप लोगो को मिलेगा। इनके निर्माण से समाज में संवाद और सामूहिकता को बढ़ावा मिलेगा



#### क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास कार्य: राव

सिरसीकलार में विधायक नीलकंठ टेकाम ने निर्माण कार्यों के भूमिपूजन किया है, जिसके लिए फरसगांव भाजपा के महामंत्री प्रवीण राव ने विधायक का आभार माना है। महामंत्री प्रवीण राव ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के गांवों में विकास की गंगा बह रही है और विधायक टेकाम के प्रयासों से क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। इस दौरान भाजपा की प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रवीर सिंह बदेशा, फरसगांव भाजपा मंडल महामंत्री प्रवीण राव, अध्यक्ष धनराज पांडे, जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकु नेताम, ग्राम सिरसीकलार सरपंच, उप सरपंच, वार्ड पंच समेत भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सोनपुर के दो बच्चों को पुलिस ने खोजकर, परिवार को सौंपा

**केशकाल।** ग्राम सोनपुर के रहने वाले दो नाबालिग बच्चे शनिवार को घर से स्कूल जाने के लिये निकले थे। जिसके पश्चात वे वापस घर नहीं आये। परिजनों के द्वारा आसपास पता करने पर भी कोई जानकारी प्राप्त नहीं होने पर परिजन ने थाना विश्रामपुरी में सूचना दी। थाना विश्रामपुरी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारम्भ किया गया। थाना प्रभारी द्वारा दो नाबालिग बच्चियों के गुम होने की सूचना पुलिस अधीक्षक को दी गई। मामले की गंभीरता तथा संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा द्वारा तत्काल बच्चों की पता तलाश करने हेतु निर्देश दिया गया। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में तीन टीमों का गठन किया गया, थाना प्रभारी विश्रामपुरी विनोद नेताम, थाना प्रभारी केशकाल ज्ञानेन्द्र चौहान एवं सायबर सेल प्रभारी सौरभ उपाध्याय के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा बच्चों का पता तलाश प्रारम्भ की गई।

# किसान करेंगे कलेक्टर कार्यालय का घेराव आज

**जगदलपुर।** मक्का फसल के घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2400 प्रति क्विंटल लागू न होने और किसानों से जुड़े विभिन्न गंभीर मुद्दों के समाधान में देरी को लेकर मंगलवार को इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के नेतृत्व में किसान कलेक्टर कार्यालय का शांतिपूर्ण घेराव करेंगे।

समिति के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण बघेल ने बताया कि बस्तर जिले के सभी ब्लॉकों से किसान भारी संख्या में इस लोकतांत्रिक प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचेंगे। समिति ने बताया कि 10 नवंबर को अपर कलेक्टर को विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया था। जिसमें किसानों की वास्तविक स्थिति, बाजार में व्यापारी की मनमानी और प्रशासनिक उदासीनता से जुड़े गंभीर मुद्दों को उजागर किया गया था। किंतु आज तक किसी भी प्रकार की ठोस कार्रवाई न होने से किसानों में आक्रोश है।

पेज 9 के शेष

### नक्सलगढ़ के युवाओं से...

है। ग्रामीणों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनने, सुझाव प्राप्त करने तथा माओवादी गतिविधियों से दूरी बनाने उन्हें प्रेरित करने का उद्धेश्य लेकर सुरक्षा बलों द्वारा विभिन्न ग्रामों में जन-संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

**नक्सल प्रभावित सवेंदनशील थाना क्षेत्रों में जनसवांद का आयोजन** : जन सवांद अभियान के दौरान बीजापुर जिले के सौ से अधिक गांव में पहुंचकर ग्रामीणों का विश्वास जीतने पुलिस प्रयासरत है। अभियान के तहत पिछले दो दिन में थाना भैरमगढ़ क्षेत्र के ग्राम मरकापाल, थाना ईलमिड़ी ग्राम जिनिप्पा, थाना फरसेगढ़ के ग्राम चटपल्ली, थाना मिरतुर के ग्राम पाटलीगुड़ा, फुलगटटा, थाना आवाल्ली के ग्राम चेरकडोडी, थाना बासागुड़ा के ग्राम तिमापुर कुनबीपारा, थाना तारलागुड़ा के ग्राम अन्नाराम, थाना भोपालपटनम के ग्राम गंगाराम, थाना तर्रेम के ग्राम भटटीगुड़ा, थाना उसूर के ग्राम नड़पल्ली, थाना नैमेड़ के ग्राम कडेर तथा थाना भद्राकाली के ग्राम रामपेंटा में जन सवांद कार्यक्रम व चलित थाना का आयोजन किया जा चुका है।

### हरबेल के जंगल...

और उसका उपचार जारी है। ऑपरेटिंग बेस जाटलूर के कम्पनी कमाण्डर शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि इस पूरे अभियान में आईटीबीपी जवानों की तेज कार्रवाई, कर्तव्यपरायणता एवं मानवीय संवेदना की महत्वपूर्ण भूमिका रही जिसके कारण घायल ग्रामीण की जान बचाई जा सकी। उन्होंने कहा कि आईटीबीपी मानवीय सेवा एवं जनसुरक्षा के लिए संकल्पबद्ध है। अबूझमाड़ जैसे दुर्गम और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में भी नागरिकों की सुरक्षा, सहयोग और राहत प्रदान करने के लिए हम सदैव तत्पर और प्रतिबद्ध है।

### अटल परिसर,शहीद...

कोताही स्वीकार नहीं होगी। स्मारक के संरक्षण, प्रकाश व्यवस्था, दीवारों के सुधार, पाथवे, उद्यान क्षेत्र एवं सूचना पट्टिकाओं की गुणवत्ता की भी उन्होंने विस्तार से जांच की। नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा ने जानकारी दी कि अटल परिसर, शहीद स्मारक और नेहरू मेमोरियल में सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार पूर्ण किए जा रहे हैं और तकनीकी टीम को नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश जारी हैं ताकि सभी परियोजनाएं समयबद्ध और उत्कृष्ट गुणवत्ता के साथ पूरी हों।

**ये रहे उपस्थित** : इस दौरान एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता,योगेंद्र पांडे,संजय विश्वकर्मा, कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज, इंजीनियर दीपांशु देवांगन, अमर सिंह, प्रवीण पोयाम उपस्थित रहे।

**समारोह में 51 मितानिनों और 4 प्रेरकों का किया गया सम्मान**

# मितानिन दीदियों को शाल- श्रीफल देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विकासखंड के सेक्टर बम्हनी में शुक्रवार को 51 मितानिन दीदियों और 4 मितानिन प्रेरकों का भावपूर्ण सम्मान किया गया। कार्यक्रम प्रभारी मेडिकल ऑफिसर डॉ. रिंकू मरकाम, प्रभारी कृष्णा पटेल और पर्यवेक्षक संजय नायडू ने बताया कि 23 नवंबर को पूरे प्रदेश में मितानिन सम्मान दिवस मनाया जाता है। 2004 से शुरू हुए इस कार्यक्रम ने गांव–गांव में एक शिक्षितजागरूक महिला को मितानिन बनाकर स्वास्थ्य सेवाओं की सबसे मजबूत कड़ी बनाया है।

■ ये गांव की बेटियां नहीं गांव की डॉक्टर हैं : सेक्टर बम्हनी ने दी सलामी

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर मितानिन सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मितानिनें अपने क्षेत्र के 200–250 परिवारों को गर्भावस्था पंजीयन, उच्च जोखिम पहचान टीकाकरण, संस्थागत प्रसव 9 और 24 तारीख को मातृ–शिशु स्वास्थ्य शिविर में लाना टीबी, कुष्ठ, मोतियाबिंद, गैर–संचारी रोग के मरीजों की पहचान परिवार नियोजन, प्रसव बाद फॉलोअप जैसे दर्जनों काम बिना एक पैसा लिए करती हैं। आज इन्हें समाज सेविका से लेकर गांव की डॉक्टर तक कहा जाता है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनी के सभी स्टाफ ने मितानिन दीदियों को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया। दीदियों की आँखें नम थीं और चेहरे पर गर्व। सेक्टर ने घोषणा की कि अब हर साल सेक्टर स्तर पर भी यह सम्मान कार्यक्रम होगा। मितानिन दीदियों ने एक स्वर में कहा कि हमारी मेहनत को जब सम्मान मिलता है तो और उत्साह बढ़ता है। गांव को स्वस्थ बनाना ही हमारा मकसद है।



#### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

डॉ. रिंकू मरकाम मेडिकल ऑफिसर, कृष्णा पटेल प्रभारी, पर्यवेक्षक संजय नायडू, दीपक नाग, धनेश्वरी ध्रुव, शालू वट्टी, बिंदे लता ठाकुर, सन्मति सोरी, निर्मला मालेकर, बिंदिया पटेल, दीपिका नेताम, धनेश्वरी नाग, निर्मला नेताम, मयंक देवांगन, घुड़वंत कुलदीप, ओम प्रकाश देवांगन, सियाराम कश्यप, एमटी लता साहू, विशनाथ एवं समस्त स्टाफ मौजूद।

## खबर संक्षेप

### अवैध धान परिवहन पर तीनों चेक-पोस्ट पर 24 घंटे निगरानी

**बीजापुर।** जिले में धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है। अवैध परिवहन की बढ़ती शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अंतरराज्यीय मार्गों पर तीन प्रमुख चेक पोस्ट तिमेड़, तारलागुड़ा और पामेड़ स्थापित किए गए हैं जहां 24 घंटे सख्त सुरक्षा एवं निगरानी की व्यवस्था लागू की गई है।
जिला प्रशासन के निर्देश पर राजस्व, पुलिस, नगर सेना, मंडी एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम इन चेक पोस्टों पर तैनात की गई है। प्रत्येक वाहन की सख्ती से जांच की जा रही है ताकि जिले में किसी भी तरह का अवैध धान का आवागमन न हो सके। चेक पोस्टों पर सीसीटीवी निगरानी, वाहन चेकिंग रजिस्टर और नाइट पेट्रोलिंग को अनिवार्य किया गया है।
खाद्य अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिले से बिना अनुमति धान का परिवहन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर जप्ती एवं एफआईआर भी दर्ज की जाएगी।

### ग्राम अन्ड्री में एसआईआर फार्म भरवाया गया

**बीजापुर।** पहुंच विहीन ग्राम पंचायत गमपुर के ग्राम अन्ड्री में आज प्रशासनिक एवं जनप्रतिनिधियों की संयुक्त टीम पहुंची। टीम ने ग्रामीणों को नियद नेल्लानार सर्वे तथा एसआईआर कार्य फार्म भरने के संबंध में विस्तारपूर्वक समझाइश दी। पीड़िया कैम्प से लगभग 7 किलोमीटर का दुर्गम सफर मोटरसाइकिलों के माध्यम से तय करते हुए तहसीलदार गंगालूर डहरिया, सीईओ जनपद पंचायत पीआर साहू जनपद सदस्य हिमांशु गायता, पीड़या सरपंच सन्नू अवलम, जनपद पंचायत के कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत गमपुर एवं पीड़या के सचिव तथा राशन दुकान के सेल्समैन सहित कुल छह मोटरसाइकिलों में टीम अन्ड्री पहुँची।

## निधन

### राजेश भोजवानी



**जगदलपुर।** वृंदावन कॉलोनी निवासी व्यवसायी राजेश भोजवानी का आज आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 2 दिसंबर को दोपहर बाद 3.30 बजे उनके निवास से निकलेगी। वे डॉ. विजय भोजवानी के बड़े भाई थे। वे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

# साहू समाज के जिला अध्यक्ष बने नेहरू राम, 5 वोट से हुई जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला साहू संघ के अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न हुआ। दंतेवाड़ा के चितालंका निवासी नेहरू राम साहू चुनाव प्रक्रिया से निर्वाचित हुए। नेहरू राम साहू अपने प्रतिद्वंद्वी विनोद साहू से पांच वोटो के अंतर से जीत दर्ज किया।

जिला अध्यक्ष के रूप चयनित नेहरू राम मृदु भाषी तथा सरल स्वभाव के व्यक्ति है। वे अपने संपूर्ण जीवन आदिवासी विकास विभाग कलेक्ट्रेट दंतेवाड़ा में सीनियर अकाउंटेंट के रूप में बीतने के बाद साहू समाज के उत्थान एवं संस्कृतिक मूल्यों को बढ़ाने में लगाकर समाज में साहू समाज की



विशेष पहचान दिलाना चाहते हैं। समाज को एकता के सूत्र में बांधकर यथा योग्य समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभाने वाले को सम्मानित कर आदर्श रूप में पहचान दिलाना चाहते हैं।

निर्वाचन कार्य के लिए पर्यवेक्षक विशेष हलधर साहू कांकेर नियुक्ति थे दंतेवाड़ा जिले के निवर्तमान जिला अध्यक्ष भूपेंद्र साहू उपाध्यक्ष ढाल साहू, महासचिव ओम प्रकाश साहू एवं कोषाध्यक्ष भगत राम साहू तथा चारों तहसीलों के अध्यक्ष गीदम से पंचू साहू, दंतेवाड़ा से वैभव चंदन, बचेली से देवेंद्र साहू और किरंदुल से टीकम साहू इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। दंतेवाड़ा जिले साहू संघ के चुनाव में चयनीत वर्तमान पदाधिकारी जिन्होंने जिला अध्यक्ष नेहरु राम साहू, उपाध्यक्ष योगेश साहू, महिला उपाध्यक्ष अनिता साहू, संगठन सचिव नारायण लाल साहू, महिला संगठन सचिव निर्मला साहू ने जीत दर्ज किया।

इस पूरे कार्यक्रम के दौरान समाज के अन्य पदाधिकारी भी सम्मिलित हुए जिसमें नरेंद्र साहू, कृष्णा साहू, मनीष साहू, भूपेंद्र साहू गणेश्वर प्रसाद साहू, झूम्मन साहू, उपेंद्र, भुवन लाल, प्रेम लालकलिहारी, पूषण, भूवनेश्वरी, ओमप्रकाश साहू खिलेश्वरी, चित्रलेखा, चंम्पा,वरिष्ठ पदाधिकारी परमानंद साहू, दिनेश साहू, चंद्रिका प्रसाद साहू, पंहूप साहू, महेंद्र साहू एवं सामाजिक लोग उपस्थित हुए।

### जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन

# कांग्रेस ने किया प्रधानमंत्री और प्रवर्तन निदेशालय का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

आज दंतेवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सोनिया गांधी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एवं संसद में नेता विपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज की गई एफआईआर को पूर्णतः

- नेशनल हेराल्ड मामला पूरी तरह निराधार एवं राजनीतिक प्रेरित : सलीम

राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई बताते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया।

जिला कांग्रेस कमेटी दंतेवाड़ा के नवनियुक्त अध्यक्ष की नेतृत्व में आयोजित इस विरोध कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी एवं प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक राहुल नवीन के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए पुतला दहन किया। दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे और केंद्र



सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई। विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हल्की झूमाझटकी भी हुई परंतु कार्यकर्ताओं ने अपना प्रदर्शन जारी रखा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक संस्थाओं के दुरुपयोग के विरोध में नारे लगाए। जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार राजनीतिक विद्वेष के चलते केन्द्रीय एजेंसियों प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई, आयकर विभाग एवं अन्य संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्ष को डराने, दबाने और परेशान करने की लगातार कोशिश कर रही है। यह पूर्णतः लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है और विपक्ष को समाप्त करने की मंशा का संकेत देता है।

सलीम राजा उस्मानी ने स्पष्ट किया कि हम किसी भी प्रकार की तानाशाही प्रवृत्ति और राजनीतिक प्रतिशोध से डरने वाले नहीं हैं। नेशनल हेराल्ड मामला पूरी तरह निराधार एवं राजनीतिक प्रेरित है और अंततः न्याय की ही जीत होगी। और मोदी-शाह की जोड़ी विपक्ष के शीर्ष नेतृत्व को निशाना बनाकर लोकतंत्र को कमजोर करने के प्रयासों में लगी है, लेकिन कांग्रेस पार्टी इन सभी प्रयासों का डटकर मुकाबला करेगी और लोकतंत्र एवं न्याय की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगी। कार्यक्रम में जिला महामंत्री मनीष भट्टाचार्य, जिला महामंत्री विमल सलाम, ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष सुमित्रा सोरी, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष इंद्र शर्मा, जिला पंचायत सदस्य तूलिका कर्मा, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, जिला सयुक्त मंत्री जितेन्द्र कश्यप, अल्फसंख्या प्रदेश उपाध्यक्ष मनु वर्गीश, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मीनल राय, पार्षद मनोज मालवीय, पार्षद एन नागराज, पार्षद जयप्रकाश नाग, पार्षद इंद्रा ठाकुर, राधा नाग, कोषाध्यक्ष जयदीप मालवीय, मनोज कौरव, संजय विश्वकर्मा, पार्षद अमृत टंडन, पंकज बनी, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष, उमेश कश्यप, जिला महासचिव संदीप राठौड़, युवा कांग्रेस ज्ञानेंद्र सिंह, त्रिशंक ठाकुर, भोलू यादव, वसीम खान, निकल तोपों अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्रापं चित्रकोट में बिना अनुमति मॉडल शौचालय का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

ग्राम पंचायत चित्रकोट में आरईएस विभाग द्वारा मॉडल शौचालय निर्माण कार्य शुरू किया गया है, जबकि पंचायत या ग्रामसभा की अनुमति नहीं ली गई। स्थानीय विधायक विनायक गोयल द्वारा भूमि पूजन भी किया

- एसडीओ व ठेकेदार ने सरपंच पर दर्ज करवाया एफआईआर, ग्रामीणों में आक्रोश

गया, लेकिन ग्राम पंचायत, सरपंच, पंचों और जनप्रतिनिधियों को इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई।

सरपंच भंवर मौर्य और ग्रामीणों का आरोप है कि बिना ग्रामसभा की सहमति किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य पेशा एक्ट और पंचायत राज कानून के नियमों के विपरीत है, इसके बावजूद विभाग और ठेकेदार ने जबरन निर्माण शुरू किया। विरोध करने पर एसडीओ लोहंडीगुड़ा रविकांत और ठेकेदार द्वारा सरपंच भंवर मौर्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई, जबकि विरोध पूरे गांव ने किया था। मामले में धारा 296, 351(2), 324(2), 221 और 132 के तहत एफआईआर की गई है।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि एसडीओ रविकांत ने सरपंच और ग्रामीणों को डराया-धमकाया तथा उच्च अधिकारियों से शिकायत कर सरपंच को छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम की धारा 40 लगाकर पद से हटवाने की धमकी तक दी। ग्रामीणों ने इसे प्रशासनिक दमन और अधिकारों का दुरुपयोग बताया है।

ग्रामीणों का कहना है कि शौचालय निर्माण का विरोध नहीं है, लेकिन जिस स्थान पर काम किया जा रहा है, वहां हर वर्ष पारंपरिक मड़ई उत्सव का आयोजन होता है, जो धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है। इस वजह से ग्रामीणों ने इसे पांचवीं अनुसूची और पेसा एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन बताया।

घटना के बाद गांव में भारी रोष है। ग्रामीणों ने कहा कि जब निर्माण बिना अनुमति और नियमों को ताक पर रखकर शुरू किया गया है, तो कार्रवाई विभाग और ठेकेदार पर होनी चाहिए, सरपंच पर नहीं। ग्रामीणों ने जनपद पंचायत लोहंडीगुड़ा के घेराव और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

# आज प्रस्तावित बीजापुर बंद स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल के नेतृत्व एवं सीएमएचओ डॉ. बीआर पुजारी तथा सिविल सर्जन डॉ. रत्ना ठाकुर की उपस्थिति में बीजापुर जिले के व्यापारी संघ, सर्व समाज, सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों तथा मीडिया के वरिष्ठ सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला अस्पताल तथा संपूर्ण स्वास्थ्य तंत्र के सुदृढ़ीकरण, मानव संसाधन, आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता, संचालन व्यवस्था सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत एवं सारगर्भित चर्चा की गई।

बैठक मे ब्लड बैंक की उपलब्धता एवं कार्यप्रणाली, 108, 102 एम्बुलेंस सेवाओं की समयबद्धतासीटी स्कैन मशीन की खराबी एवं उसके त्वरित मरम्मत कार्य, डायलिसिस यूनिट में तकनीकी समस्या, लिफ्ट की मरम्मत को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश, वार्डों में साफ–सफाई की कमी तथा सफाई कर्मियों की उपस्थिति में सुधार, दवा वितरण काउंटर पर भीड़ एवं इसे सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता, अस्पताल परिसर में इंटरनेट सेवा बाधित होने से प्रभावित कार्यों का समाधान करने को कहा।

प्रशासन ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि उपरोक्त समस्त बिंदुओं पर जिला एवं राज्य स्तर से तत्काल कार्रवाई की जाएगी तथा 15 दिनों के भीतर व्यापक सुधार कर अद्यतन प्रगति रिपोर्ट प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाएगी। जनहित को सर्वोपरि मानते हुए व्यापारी संघ, सर्व समाज एवं सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने 2 दिसंबर को प्रस्तावित बीजापुर बंद को स्थगित करने पर सहमति व्यक्त की। संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल ने बीजापुर बंद स्थगित करने के निर्णय के लिए सभी प्रतिनिधियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रशासन सभी समस्याओं के समाधान हेतु प्रतिबद्ध है। बैठक में नगरपालिका उपाध्यक्ष भुवन सिंह चौहान, व्यापारी संघ के जिला अध्यक्ष ईश्वर सोनी, सर्व आदिवासी समाज के सचिव कमलेश्वर पैकरा, प्रेस क्लब अध्यक्ष के. संतोष, व्यापारी संघ के सदस्य एवं वरिष्ठ नागरिक संजय लुक्कड़, राजू गांधी, कुशल चोपड़ा, प्रसून शर्मा, सिरोंज विश्वकर्मा सहित नागरिक उपस्थित रहे।

# अल्पसंख्यकों के समग्र विकास के लिए 15 सूत्रीय कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में आई तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अल्पसंख्यक समुदायों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए प्रधानमंत्री का नया 15 सूत्रीय कार्यक्रम प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। इस आशय की समीक्षा बैठक अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभाकक्ष में आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न विभागों को योजनाओं के लक्ष्य समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में बताया गया कि शिक्षा क्षेत्र में एकीकृत बाल विकास सेवाओं के विस्तार, अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में विद्यालय स्थापना, उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति, मदरसा



आधुनिकीकरण तथा मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। साथ ही मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान के माध्यम से शैक्षिक अधोसंरचना को और सुदृढ़ किया जाएगा। आर्थिक सशक्तिकरण के तहत स्वरोजगार योजनाओं, रोजगार उपलब्धता, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना तथा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम द्वारा ऋण सहायता को बढ़ावा दिया जा रहा है।

प्राथमिकता क्षेत्र ऋण में अल्पसंख्यकों की समुचित हिस्सेदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में पुलिस, केंद्रीय सुरक्षा बल, रेलवे व अन्य विभागों में भर्ती के दौरान अल्पसंख्यक अभ्यर्थियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। ग्रामीण आवास योजना और शहरी मलिन बस्तियों के विकास कार्यक्रमों में भी अल्पसंख्यक समुदायों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम के प्रत्येक बिंदु के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सतत मॉनिटरिंग और लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचने के निर्देश दिए।

# साइकिल योजना छात्राओं को शिक्षा से जोड़ने का सशक्त माध्यमः अटामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दंतेवाड़ा में सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत आज साइकिल वितरण कार्यक्रम अत्यंत उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक चैतराम अटामी, विशिष्ट अतिथियों के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, नगर पालिका उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण की गरिमामय उपस्थिति कार्यक्रम की शोभा बढ़ाती रही। कार्यक्रम में विधायक ने अपने उद्बोधन में



कहा कि सरस्वती साइकिल योजना छात्राओं को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। इस प्रकार की योजनाएं बालिकाओं में आत्मविश्वास, सुरक्षा एवं नियमित अध्ययन की आदत विकसित करती हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष मुड़ामी ने कहा कि शासन की यह योजना ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों की छात्राओं के लिए वरदान साबित हो रही है, जिससे उनके स्कूल आने-जाने में सुविधा मिल रही है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की 9वीं कक्षा की 76 छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया। छात्राओं ने भी इस योजना के लिए शासन एवं शिक्षा विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ, विकास खंड शिक्षा अधिकारी दंतेवाड़ा खंड स्त्रोत समन्वयक उपस्थित रहे।

# सैचुरेशन व इन्फ्रास्ट्रक्चर कार्य शीघ्र पूरा करे : भूपेन्द्र


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल ने उसूर ब्लॉक अंतर्गत नियद नेल्लानार गांव कोंडापल्ली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गांव में चल रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों, विशेषकर सैचुरेशन एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण की प्रगति का जायजा लिया। अपर कलेक्टर ने अधिकारियों एवं संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि गांव में लंबित सभी सैचुरेशन आधारित योजनाओं जैसे कि पात्र हितग्राहियों को लाभों की 100 प्रतिशत उपलब्धता, आधार सत्यापन, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, स्वास्थ्य एवं शिक्षा से संबंधित दस्तावेजीकरण को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। उन्होंने बुनियादी सुविधाओं से जुड़े सभी अधोसंरचना को गुणवत्तापूर्ण समय सीमा में पूर्ण करने को कहा। निरीक्षण के दौरान अग्रवाल ने कहा कि नियद नेल्लानार कोंडापल्ली जैसे दूरस्थ गांवों में विकास कार्यों का समय पर पूर्ण होना शासन की प्राथमिकता है। योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राही तक पहुँचे, यह सुनिश्चित करना सभी विभागों की जिम्मेदारी है। इस दौरान एसडीएम उसूर भूपेन्द्र गावरे भी मौजूद थे।

# कांग्रेस अब अपने पतन की ओर बढ़ चुकी है : संतोष गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने दंतेवाड़ा में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष की नियुक्ति के पश्चात अंदरूनी कलह के खुलकर सामने आने एवं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष तक कार्यकर्ताओं की किनाराकशी की शिकायत करने पहुंचे कांग्रेसियों पर कटाक्ष करते कहा कि इससे साफ पता चल रहा है कि कांग्रेस का संगठनात्मक ढांचा कितनी बुरी कदर चरमरा गया है।



उन्होंने कहा कि चुनावों में लगातार हारती जा रही कांग्रेस अब अपने पतन की पराकाष्ठा की ओर बढ़ चुकी है। कांग्रेस के शीर्ष से लेकर प्रदेश नेतृत्व तक लगातार हार के बावजूद अपने संगठनात्मक ढाँचे की जरा भी फिक्र नहीं कर रहे हैं, जो कांग्रेस और उससे जुड़े संगठनों के पदाधिकारियों के अपमान से जगजाहिर हो रहा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने इसी जर्जर होते जा रहे संगठन के कारण जमीनी पकड़ खोती जा रही है। कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान चलाया तो वह भी गुटबाजी की भेंट चढ़ गया है, जिसके चलते दंतेवाड़ा में कांग्रेस के पदाधिकारी अपने ही जिला अध्यक्ष की नियुक्ति पर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्हें अयोग्य ठहरा रहे है। कांग्रेस इसी कारण लगातार चुनाव हार रही है और हारने के बाद बजाय संगठनात्मक स्तर पर समीक्षा, आत्मावलोकन व चिंतन के कांग्रेस वोट चोरी, ईवीएम हैक होने जैसे हास्यास्पद बहानों की आड़ में अपने नाकारापन को ढँकने की कोशिश करती है।

# ग्रामीणों को आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

छत्तीसगढ़ शासन की जन-जुड़ाव एवं विश्वास पहल के अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा विकास, सुरक्षा और विश्वास को सुदृढ़ करने हेतु लगातार ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया जा रहा है। ग्रामीणों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनने, सुझाव प्राप्त करने तथा माओवादी गतिविधियों से दूरी बनाने हेतु प्रेरित करने का उद्देश्य लेकर सुरक्षा बलों द्वारा आज विभिन्न ग्रामों में जन-संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए।

ग्रामीणों को शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति की विस्तृत जानकारी दी गई

परिवार/रिश्तेदारों में सक्रिय माओवादी सदस्यों को समाज की मुख्यधारा में लौटने हेतु प्रेरित किया गया। आसपास के जंगल, रास्तों पर किसी प्रकार की संदिग्ध वस्तु, संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल निकटतम थाना/कैम्प को सूचना देने का आग्रह किया गया। चलित थाना के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को मौके पर ही सुनकर उनके निराकरण का प्रयास किया गया। ग्रामीणों को सायबर जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं जैसे एटीएम फ्राड, यूपीआई फ्राड अन्य फ्राड के तरीके एवं नवीन कानूनों में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए किए गए प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### दावा सुविधा शिविर 5 को

**बीजापुर।** भारत सरकार के वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार 'आपकी पूंजी आपका अधिकार' अभियान के अंतर्गत दावा न की गई वित्तीय संपत्तियों का पता लगाने एवं उन पर दावा प्रक्रिया को सरल बनाने हेतु बीजापुर जिले में दावा सुविधा शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर 5 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से जिला कार्यालय परिसर में लगाया जाएगा। शिविर का उद्देश्य नागरिकों को उन वित्तीय संपत्तियों की जानकारी उपलब्ध कराना है, जिन पर लंबे समय से दावा नहीं किया गया है, तथा संबंधित दावा प्रक्रिया को सरलता से पूर्ण कराने में सहायता प्रदान करना है।


**न्यायालय तहसीलदार नारायणपुर, जिला नारायणपुर (छ.ग.)**
रा.मा.क्र./202510171300007/
बी-121 / वर्ष 2025-26

**उदघोषणा-पत्र**

एतद् द्वारा समस्त निवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोहित कुमार दुग्गा पिता स्व० संपतसिंह नाग जाति गोंड निवासी ग्राम बिजली तह. व जिला नारायणपुर ने आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि उनके पिता स्व. संपतसिंह नाग पिता स्व. चंदन नाग उद्यान विभाग पंखाजूर में माली के पद पर कार्यरत तथा सेवानिवृत पश्चात पेंशन भोगी थे। जिनकी मृत्यु दिनांक 10.02.2024 को आकस्मिक रूप से हो चुकी है और आवेदक उनका एक मात्र वारिस है। अतः समस्त किस्म की देय राशि एवं मृत्यु पश्चात पेंशन राशि प्राप्त करने आवेदक वारिसान प्रमाण पत्र के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नारायणपुर के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसकी सुनवाई तिथि 06/12/2025 को इस न्यायालय में नियत है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से सुनवाई दिनांक को इसके पूर्व उपस्थित होकर इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति एवं आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

मुहर — तहसीलदार नारायणपुर

**न्यायालय तहसीलदार भानपुरी जिला बस्तर (छ.ग.)**
क्रमांक / क / तह. / जन्म-मृत्यु / 2025
भानपुरी दिनांक, 13/11/2025

**// उद्घोषणा//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मंगलुराम पिता स्व. मंगतु जाति माहरा निवास ग्राम नारायणपाल तहसील भानपुरी के द्वारा अपने पिताजी स्व. मंगतु पिता स्व. बोगा की मृत्यु दिनांक 26/06/1996 को होना बताते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 27/11/2025 तक आपत्ति पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर — तहसीलदार भानपुरी

**शपथ पत्र**

मैं अर्जुन बघेल पिता भादुराम बघेल, उम्र 43 वर्ष निवासी मोहन पानिग्राही गली श्याम प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र 39 तहसील जगदलपुर, जिला बस्तर छ.ग. 494001 शपथ पूर्वक निम्न कथन व्यक्त करता हूं।

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि ड्रायविंग लाईसेंस में मेरा नाम arjun singh S/o Bhodu Ram R/o kumhar para Teh. jagdalpur Dist. Bastar (C.G.) 494001 अंकित है। जिसका ड्रायविंग लाईसेंस नंबर CG17 20070007954 है। उक्त ड्रायविंग लाईसेंस में कुछ त्रुटियां है।
3. यह कि आधार कार्ड में मेरा नाम - arjun Baghel S/o Bhaduram Baghel, R/o H, NO.25 Mohan Panigrahi Gali shyama Prasad Mukharji no 39, Tehsil jagdalpur Dist. Bastar (C.G.) 494001 अंकित है जिसका आधार नंबर 4113 8993 1724 है।
4. यह कि मैं अपने ड्रायविंग लाईसेंस में अंकित नाम-arjun singh S/o Bhodu Ram R/o. kumhar para Teh. jagdalpur Dist. Bastar (C.G.)494001 के स्थान पर arjun Baghel S/o Bhaduram Baghel, R/o H, NO 25 Mohan Panigrahi Gali shyama Prasad Mukharji ward no 39, Tehsil jagdalpur Dist. Bastar (C.G.) 494001 दर्ज करवाना चाहता हूं। जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

**शपथकर्ता**

**खबर संक्षेप**

### अत्यधिक ठंड के चलते स्कूल समय में परिवर्तन की मांग



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री गजेंद्र श्रीवास्तव ने अत्यधिक ठंड और घने कोहरे की स्थिति को देखते हुए बस्तर जिले में प्रातः कालीन स्कूलों के समय में तत्काल परिवर्तन की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने जिला कलेक्टर बस्तर को पत्र प्रेषित कर विद्यार्थियों और शिक्षकों की सुरक्षा व स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की अपील की। प्रदेश महामंत्री ने पत्र में उल्लेख किया कि बस्तर जिले में कई विद्यालय दो पाली में संचालित होते हैं, जिनमें प्रथम पाली का समय प्रातः 7:30 से 11:30 तक निर्धारित है। वर्तमान में प्रातः 7 बजे तक क्षेत्र में घना कोहरा और कड़ाके की ठंड रहती है, जिससे छोटे बच्चों के लिए इस समय स्कूल पहुंचना स्वास्थ्य की दृष्टि से हानिकारक है। उन्होंने कहा कि ठंड एवं दृश्यता की समस्या के कारण शिक्षकों को भी विद्यालय पहुँचने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कलेक्टर से आग्रह किया है कि विद्यार्थियों और शिक्षकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रातःकालीन पाली का समय 7:30 बजे के स्थान पर 8:30 बजे करने का आदेश जारी किया जाए, ताकि शीतलहर के प्रभाव से होने वाली संभावित समस्याओं से बचाव हो सके।

### नवोदय विद्यालय में चयन परीक्षा 13 को

**सुकमा।** जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों का प्रवेश-पत्र जारी कर दिया गया है। आगामी 13 दिसंबर को होने वाली इस परीक्षा के लिए जिलेभर के छात्र तैयारी में जुटे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र बीईओ कार्यालय, कोंटा या जवाहर नवोदय विद्यालय सुकमा से प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश-पत्र वितरण की अंतिम तिथि 7 दिसंबर निर्धारित की गई है।

### सुभाष वार्ड में मन की बात का सामूहिक श्रवण



**जगदलपुर।** सुभाष वार्ड के बूथ क्रमांक 108 एवं 109 में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' के 128वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वार्डवासियों ने एकजुट होकर राष्ट्रीय मुद्दों, उपलब्धियों और विकास की दिशा में चल रहे प्रयासों को ध्यानपूर्वक सुना। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने 26 नवंबर संविधान दिवस कार्यक्रम, वंदेमातरम के 150 वर्ष, अयोध्या में धर्मध्वजा आरोहण तथा कुरुक्षेत्र में पांचजन्य स्मारक लोकार्पण जैसी महत्वपूर्ण घटनाओं को देश की सांस्कृतिक शक्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने हैदराबाद में विश्व की सबसे बड़ी लीप इंजन एमआरओ सुविधा और भारतीय नौसेना में आईएनएस 'माहे' के शामिल होने को देश की सामरिक-तकनीकी प्रगति का महत्त्वपूर्ण कदम बताया। इस मौके पर नरेंद्र पाणिग्राही, प्रकाश रावल, विलास पाढ़ी, संजय सामंत, विकास पांडे, रितेश पांडे, प्रयाग तिवारी, अजय मिश्रा, मनोज चौबे एव अन्य उपस्थित रहे।

# विकास का नया अध्याय, बस्तर के दुर्गम क्षेत्रों में 240 करोड़ की लागत से बनेंगी 87 नई सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर अपनी घनी वन सम्पदा और दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण अक्सर आवागमन की चुनौतियों का सामना करता रहा है, जहां सैकड़ों बसाहटें मुख्यधारा से कटी हुई थीं। इन विषम परिस्थितियों के बावजूद केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनातंर्गत जिले के अंदरूनी बसाहटों को बारहमासी आवागमन सुविधा से जोड़ने के लिए डामरीकृत पक्की सड़कों का निर्माण लगातार किया जा रहा है। इसी कड़ी में अभी हाल ही में भारत सरकार से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनातंर्गत फैज-4 के तहत जिले में 240 करोड़ 68 लाख रुपये की लागत से 87 नई सड़कों के निर्माण को मंजूरी मिल गई है। इन सड़कों की कुल लंबाई करीब 237 किलोमीटर है, जो बस्तर के ग्रामीण और दूरस्थ निवासियों के लिए एक वास्तविक जीवनरेखा साबित होंगी। यह परियोजना केवल सड़कों का निर्माण नहीं, बल्कि उन विरल आबादी वाले क्षेत्रों तक विकास, स्वास्थ्य सुविधाओं और शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करने का एक मजबूत प्रयास है।

पीएमजीएसवाय के अंतर्गत स्वीकृत इन सड़कों में कई ऐसी हैं जो विशेष रूप से दुर्गम क्षेत्रों को जोड़ती हैं। इनमें प्रमुख हैं जगदलपुर विकासखण्ड की तिरिया से पुलचा तक की 14.40 किलोमीटर लंबी सड़क और लोहण्डीगुडा विकासखण्ड की बारसूर पल्ली रोड से कचेनार तक 7.50 किलोमीटर की कनेक्टिविटी, जो स्थानीय निवासियों के लिए बाजार, स्कूल, अस्पताल और सरकारी कार्यालयों तक पहुंचना आसान बनाएगी। सबसे चुनौतीपूर्ण माने जाने वाले दरभा विकासखण्ड में, दरभा कोलेंग रोड से खासपारा ककालगुर, लेण्ड्रा अटल चैक से भाटागुडा जैसे महत्वपूर्ण पड़ावों को जोड़ने वाली सड़क तथा पुराने ग्राम पंचायत से पडिया आठगांव एवं कुरेंगापारा रोड से जालाघाटपारा व्हाया चालकीपारा तक की सड़कें भी शामिल हैं। ये सभी नाम उन बसाहटों के हैं जहां बेहतर कनेक्टिविटी अत्यंत आवश्यक थी।

## दूरस्थ गांवों को मिलेगी नई जीवन रेखा



### बिना किसी बाधा के प्रत्येक ग्रामीण तक पहुंचेगा योजनाओं का लाभ

इस परियोजना के तहत बकावंड और लोहांडीगुड़ा जैसे विकासखंडों में सर्वाधिक 50 किलोमीटर से अधिक लंबी सड़कें स्वीकृत की गई हैं। कुल 87 सड़कों का यह विशाल नेटवर्क बस्तर के लोगों को न केवल सुगम आवागमन प्रदान करेगा, बल्कि विषम परिस्थितियों में रहने वाले प्रत्येक ग्रामीण तक शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के पहुंचना भी सुनिश्चित करेगा। यह स्वीकृति बस्तर के समग्र सामाजिक-आर्थिक उत्थान की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

## प्रायमरी एवं मिडिल स्कूलों में डिजिटल क्रांति की शुरुआत

# जनभागीदारी से साकार हो रहा स्कूलों में स्मार्ट क्लास का सपना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग में शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल की शुरुआत हुई है। कमिश्नर डोमन सिंह के निर्देशन एवं कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन से बस्तर के शासकीय प्रायमरी एवं मिडिल स्कूलों में स्मार्ट क्लासेस की स्थापना जनभागीदारी के जरिए की जा रही है। कमिश्नर ने समाज के सभी वर्गों से बच्चों की डिजिटल शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए सहयोग की अपील की थी। जिसका असर सामने आया है। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्कूलों के लिए टेलीविजन सेट दान किए। स्कूलों में दान किए गए टीवी अब उन स्मार्ट क्लासेस की नींव बनेंगे। जहां विद्यार्थियों को पारंपरिक ब्लैक बोर्ड की जगह आकर्षक दृश्य-श्रव्य सामग्री, शिक्षण वीडियो और इंटरैक्टिव मॉड्यूल के माध्यम से पढ़ाई करवाई जाएगी।



वहीं कलेक्टर हरिस ने कहा कि यह समाज के लोगों की जागरूक पहल का उदाहरण है। इसी क्रम में जनपद पंचायत लोहंडीगुड़ा में 26 नवम्बर को कई स्कूलों को टेलीविजन प्रदान किए गए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी धनेश्वर पाण्डे ने समाज के लोगों से प्राप्त इन टीवी सेटों का वितरण किया ताकि इन विद्यालयों में जल्द से जल्द स्मार्ट क्लासेस का संचालन शुरू किया जा सके।

### स्कूलों को मिले टीवी

प्राथमिक और माध्यमिक शाला (अंग्रेजी माध्यम) धाराऊर, प्राथमिक शाला साहूपारा दाबापाल, बड़ांजी और नवीन धुरागांव को टीवी प्रदान किए गए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी शालिनी तिवारी ने भी शिक्षा के डिजिटल रूपांतरण में अपना योगदान देते हुए माध्यमिक शाला तारागांव और प्राथमिक शाला बाघनपाल में टीवी वितरित किए।

### ये रहे उपस्थित

टीवी वितरण के दौरान पंचायत प्रतिनिधि, संकुल शैक्षिक समन्वयक, पंचायत सचिव, शिक्षक-शिक्षिकाएं और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। उन्होंने इस सामूहिक प्रयास को ग्रामीण शिक्षा को नई दिशा देने वाला कदम बताया। बस्तर में शुरू हुई यह डिजिटल पहल आधुनिक शिक्षा को गांव-गांव तक पहुंचाने और तकनीक के माध्यम से विद्यार्थियों के सीखने के अनुभव को समृद्ध बनाने की दिशा में एक मजबूत आधारशिला बन रही है।

# पेंशनरों को मिला डिजिटल पहचान का अधिकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग के लंबे समय से चल रहे प्रयास आखिरकार सफल हो गए हैं। सेवा निवृत्त कर्मचारियों को डिजिटल पहचान पत्र उपलब्ध कराने की मांग पर अब जिला प्रशासन ने निर्णायक कदम उठाते हुए जिला कोषालय के माध्यम से आभार ऐप पर डिजिटल आईडी जारी करना शुरू कर दिया है।

■ पेंशनर्स महासंघ ने प्रशासनिक टीम को जताया आभार

महासंघ के प्रतिनिधियों ने इस मुद्दे पर जिला कोषालय अधिकारी से कई दौर की चर्चा की थी, लेकिन समाधान न निकलने पर प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर बस्तर हरीश एस से भेंट कर आवश्यक निर्देश देने का आग्रह किया। कलेक्टर के हस्तक्षेप के बाद प्रक्रिया तत्काल शुरू हुई और जिले के पेंशनरों को डिजिटल पहचान पत्र मिलने लगे हैं।

जिला कोषालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिन पेंशनरों को डिजिटल प्रमाण-पत्र जारी हुए हैं, उनमें आरएन ताटी, शिव कुमार मिश्रा, आशा लता मिश्रा, आनंद सिंह ठाकुर, सुरजीत सिंह सहगल, रवींद्र देवांगन, डी रामन्ना राव, के नागेश, मुनि महेश तिवारी, इंद्राणी नंदी, दामिनी कुरेटी, गुलाची देवी यादव और दिनेश कुमार सतमन शामिल हैं।

महासंघ अध्यक्ष राम नारायण ताटी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कलेक्टर बस्तर हरीश एस, जिला कोषालय अधिकारी अनिल कुमार पाठक, शाखा प्रभारी संजीत कश्यप तथा जिला कोषालय टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सेवानिवृत्ति पर व्याख्याता वंदना को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तितिरगांव में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता वंदना भदोरिया को अधिवार्षि की आयु पूर्ण होने पर सेवामुक्ति के अवसर पर पूरे सम्मान और हर्षोल्लास के साथ विदाई दी गई। शाला परिवार, ग्रामीणजन और पूर्व विद्यार्थियों की उपस्थिति ने समारोह को भावनाओं से परिपूर्ण बना दिया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत तितिरगांव की सरपंच खीरमानी कश्यप, प्राचार्य हेमलता त्रिपाठी और पूर्व उपसरपंच विष्णु प्रसाद पाणिग्रही मुख्य रूप से उपस्थित रहे। स्वागत भाषण देते हुए वरिष्ठ व्याख्याता गजेंद्र श्रीवास्तव ने वंदना भदोरिया की सरल, सहज और अनुशासित कार्यशैली की सराहना की।

सरपंच खीरमानी कश्यप ने भावुक स्वर में कहा कि "आपकी पढ़ाई ने मेरे बच्चों को डॉक्टर बनाया, और आज ही मेरी पुत्री को नर्स की नौकरी का नियुक्ति पत्र मिला है, यह आपकी शिक्षा का फल है। प्राचार्य हेमलता त्रिपाठी ने बताया कि वंदना भदोरिया ने 1984 में ग्राम तोकापाल से शिक्षकीय सेवा प्रारंभ की, और 2010 से तितिरगांव में 15 वर्षों तक लगातार उत्कृष्ट सेवाएँ दीं। उनके सहज और मिलनसार व्यक्तित्व के कारण ग्रामवासी भी भावुक हो उठे। पूर्व उपसरपंच विष्णु प्रसाद पाणिग्रही ने भी उन्हें मेहनती, समर्पित और प्रेरणादायी शिक्षिका बताते हुए पूर्ण प्रशंसा व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों ने कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं।

समारोह का सबसे भावुक क्षण तब आया जब पूरे बाजे-गाजे और पटाखों के साथ संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाएं वंदना भदोरिया को नाचते-गाते उनके घर तक छोड़ने गए। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता रूपा यादव ने किया।

# गणना पत्रक 11 तक भरे जाएंगे और 14 फरवरी को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

**जगदलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय-सारणी में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं जो 1 जनवरी की अर्हता तिथि के संदर्भ में मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित बनाने की प्रक्रिया से संबंधित है। आयोग के इस आंशिक संशोधन के बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस एस द्वारा तत्काल प्रभाव से जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को नवीन निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के आदेश जारी किए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के तहत अब गणना अवधि और मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण का कार्य गुरुवार 11 दिसंबर तक पूरा किया जाएगा। इसके बाद प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन मंगलवार 16 दिसंबर को होगा जो पुनरीक्षण प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण चरण है। मतदाताओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण बदलाव दावे और आपत्तियां दर्ज करने की अवधि में किया गया है। अब नागरिक प्रारूप सूची के संबंध में अपने दावे या आपत्तियां आगामी 16 दिसंबर से 15 जनवरी तक दर्ज करा सकेंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि इस एक माह की नियत अवधि में मतदाताओं को पर्याप्त सुविधा प्रदान की जाए ताकि अधिकतम समावेशन और शुद्धि सुनिश्चित हो सके। दावे और आपत्तियों पर नोटिस जारी करने सुनवाई करने और उनका निपटारा करने की प्रक्रिया 16 दिसंबर से 7 फरवरी तक चलेगी। सभी चरणों के सफल समापन के बाद, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी को किया जाएगा।

# विश्व एड्स दिवस पर जनजागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सुकमा जिले में जन जागरूकता चलाया गया। जवाहर नवोदय विद्यालय कुम्हाररास और बालिका पोटाकेबिन विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने संयुक्त रूप से एचआईवी एड्स जनजागरूकता रैली निकालकर आमजन को स्वास्थ्य सुरक्षा और सावधानियों का संदेश दिया।

■ छात्रों ने दिया स्वास्थ्य सुरक्षा का संदेश

रैली की शुरुआत जिला चिकित्सालय परिसर से हुई। हाथों में तख्तियां, पोस्टर और जागरूकता स्लोगन लिए छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ एचआईवी, एड्स की रोकथाम, परीक्षण और उपचार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों को जनसामान्य तक पहुंचाया। सीएस डॉ. एम. आर. कश्यप और जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ. बारसे भीमाराम ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि एचआईवी, एड्स के प्रति जागरूकता ही इस संक्रमण को रोकने का सबसे प्रभावी हथियार है और युवा पीढ़ी इस संदेश को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने में विशेष भूमिका निभा सकती है। कार्यक्रम के दौरान जिले के स्वास्थ्य अमले ने योगदान दिया।

इसमें डॉ. हरीश, डॉ. सृष्टि, डॉ. स्वेता शर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री गीतू हरित, जिला टीबी-एचआईवी समन्वयक जयनारायण सिंह, जिला समन्वयक नवीन पाठक, जिला एसटीआई परामर्शदाता कोशिल्या चंद्राकर तथा रविता लाकड़ा, सागर सहित कार्यालय के अनेक साथीगण उपस्थित थे। विद्यालयों के शिक्षकगण भी बड़ी संख्या में शामिल हुए और छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

# कलचा में समग्र हथकरघा विकास योजना का शुभारंभ

## बस्तर की महिला बुनकरों के कौशल को मिलेगी नयी उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ग्रामोद्योग विभाग के हाथकरघा प्रभाग द्वारा समग्र हथकरघा विकास योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत कलचा में नवीन बुनाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बड़ी बुनकरों के उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। आदिवासी महिला बुनकर सहकारी समिति मर्यादित कलचा के प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम ने स्थानीय महिला बुनकरों के जीवन में नई संभावनाओं की किरण जगाई।



शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बस्तर सांसद महेश कश्यप ने फीता काटकर प्रशिक्षण का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य बिंदु साहू, जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग, जनपद उपाध्यक्ष पुरषोत्तम कश्यप तथा कलचा के उपसरपंच जयराम बघेल उपस्थित रहे। वहीं जिला हाथकरघा कार्यालय से उपसंचालक अनिल सोम, रोहित पात्रे और रमेश कुमार उपस्थित थे। आदिवासी महिला बुनकर सहकारी समिति की अध्यक्ष पेनवती, उपाध्यक्ष महादई तथा बीस नवीन प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। अतिथियों का स्वागत समिति और जिला हाथकरघा कार्यालय के सदस्यों द्वारा बस्तर की पारंपरिक ढंग से किया गया। कार्यक्रम के दौरान बुनकर सदस्यों ने अतिरिक्त कर्मशाला भवन की आवश्यकतानुसार मांग रखी, जिस पर सांसद ने भवन निर्माण करवाने आश्वस्त किया। वहीं बिजली कनेक्शन की मांग पर भी शीघ्र पहल किए जाने भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के अंत में उपसंचालक अनिल सोम ने आभार प्रदर्शन किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन रमेश कुमार द्वारा किया गया।

## वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय में सप्तशक्ति संगम महिला सम्मेलन

# नारी की गरिमामयी भूमिका और सप्त शक्तियों के जागरण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय कंगोली में 'सप्तशक्ति संगम' महिला सम्मेलन भावपूर्ण और प्रेरणादायी वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। कार्यक्रम की प्रस्तावना और उद्देश्य की जानकारी विभाग संयोजिका कामना वर्मा ने दी। भारत के विकास में महिलाओं का योगदान और नागरिक कर्तव्य पर अतिथियों ने सारगर्भित प्रस्तुतियां दीं। इसके बाद प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान समारोह आयोजित हुआ, जिसमें समाज सेवा, साहित्य, पर्यावरण संरक्षण और संयुक्त परिवार व्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान देने वाली माताओं को सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम का संचालन गीतिका ठाकुर ने किया। इस दौरान अध्यक्ष डॉ. ज्योति लागू, मुख्य अतिथि सहायक प्राध्यापक दीपिका डडसेना (पीजी कॉलेज), सहायक प्राध्यापक प्रियंका तिवारी (इंजीनियरिंग कॉलेज), सरस्वती शिशु मंदिर प्राचार्य भारती देवांगन, सहायक प्राध्यापक ज्योति सिंह, मिताली विश्वास, अंजली त्रिपाठी, प्रियंका तिवारी, रिशु उपाध्याय, समाजसेविका शारदा पटेल, लेखिका करमजीत कौर, शारदा सिंह, संगीता महापात्र, निशा मंडल, सहायक प्राध्यापक राजेश्वरी नेताम, साधना श्रीवास्तव, संगीता दुबे, गायत्री परिवार से शारदा पटेल एवं फैमिली काउंसलर संगीता, सरस्वती शिशु मंदिर की सभी शिक्षिकाएं, संस्था अध्यक्ष कुंवर राजबहादुर सिंह राणा, सचिव डॉ. प्रतीक लागू, प्राचार्य ईश्वर प्रसाद तिवारी तथा संगम पाण्डेय सहित विभिन्न महाविद्यालयों एवं समाज से अनेक अतिथि उपस्थित रहे।

सप्तशक्ति संगम सम्मेलन ने शिक्षण संस्थान, समाज और विभिन्न क्षेत्रों की प्रेरणादायी महिलाओं को एक मंच पर लाकर नारी की सात अंतर्निहित शक्तियों के सांस्कृतिक, सामाजिक और नैतिक महत्व को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया, जिसमें विचार-विमर्श, प्रेरक उदाहरण, सम्मान समारोह और सकारात्मक परिवर्तनों के संकल्प के माध्यम से महिला शक्ति के व्यापक स्वरूप को उभारते हुए समाज में उनकी नेतृत्वकारी भूमिका को सशक्त संदेश दिया गया।

